नाबालिक प्रेमी का पुलिस से... पृष्ठ 2 | अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा के लिए... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

शुक्रवार, 27 सितंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 343, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


## मुख्यमंत्री ने बगिया में किया तीन विद्युत केन्द्र का लोकार्पण

### कुनकुरी में उप क्षेत्रीय भंडार कार्यालय और सन्ना में नवीन तहसील कार्यालय भवन लोकार्पित





**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जशपुर जिले के ग्राम बगिया में 8.55 करोड़ रूपए के विकासकार्यों का लोकार्पण किया। इसमें कुंजारा, ढोकड़ा और साहीडांड में नव-निर्मित विद्युत उपकेन्द्र शामिल है। इन तीनों 33/11 के. व्ही. विद्युत उपकेन्द्र की लागत 7.84 करोड़ रूपए है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कुनकुरी में उप क्षेत्रीय भंडार और सन्ना में निर्मित नवीन तहसील कार्यालय भवन का भी लोकार्पण किया। कुनकुरी अंचल में तीन विद्युत उपकेंद्र बनने से गावों के लोगों को विद्युत की आपूर्ति में आने वाली दिक्कत से निजात मिलेगी। इससे कुनकुरी और आस-पास के 70 गांवों में 11 हजार उपभोक्तओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। वहीं सन्ना में नवीन तहसील कार्यालय भवन के निर्माण से राजस्व के मामलों के निराकरण में तेजी आएगी। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि ग्राम दोकड़ा के विद्युत उपकेन्द्र से 25 ग्रामों 3500 से अधिक उपभोक्ताओं, कुंजारा के उपकेन्द्र से 23 ग्रामो के लगभग 3850 उपभोक्ताओं और साहीडांड के उपकेन्द्र से 22 ग्रामो के 4270 उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त विद्युत आपूर्ति की जा रही है। तीनों ही विद्युत उपकेन्द्रों में 3.15 एम.व्ही.ए. का पॉवर ट्रान्सफॉर्मर लगाया गया है। इसी प्रकार कुनकुरी में उप क्षेत्रीय भंडार स्थापित होने से ट्रान्सफॉर्मर सहित अन्य विद्युत उपकरणों की आपूर्ति में आसानी होगी। पहले 150 से 200 कि.मी. की दूर सूरजपुर जिले में स्थित क्षेत्रीय भंडार, बिश्रामपुर ट्रान्सफॉर्मरों की आपूर्ति होती थी। जिसमें अधिक समय व लागत लगती थी। कुनकुरी में मिनी डिपो स्टोर खुलने से दूरी एवं समय बचने के साथ ही विद्युत सामग्री मिलने में सुविधा होगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री उपेन्द्र यादव, श्री भरत सिंह, पूर्व विधायक श्री रोहित साय, डीडीसी श्री सालिक साय, श्री भुनेश्वर सिंह केशर, श्री अमन शर्मा, श्री रामदेव कायता, ठाकुर पुरुषोत्तम सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गोपाल व्यास को दिलाई सदस्यता

**नालंदा परिसर में युवाओं से की बात**

**धीरज तिवारी**

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एक दिवसीय प्रवास राजधानी रायपुर पहुंचे. एयरपोर्ट पर जेपी नड्डा का मुख्यमंत्री विष्णुदेव



सहित प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, मंत्रियों और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वगात किया. एयरपोर्ट से जेपी नड्डा सीधे केनाल रोड स्थित रानी दुर्गावती की प्रतिमा में माल्यार्पण करने पहुंचे. इसके बाद वे विधायक कॉलोनी स्थित पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल व्यास के निवास पहुंचे. इस दौरान मुख्यमंत्री साय और प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव भी मौजूद रहे. जेपी नड्डा ने पूर्व सांसद को पार्टी की सदस्यता दिलाई और उनका पैर छूकर आशीर्वाद लिया. करीब 20 मिनट उनके निवास पर मौजूद रहे. सदस्यता कार्यक्रम के बाद जेपी नड्डा सीधे युवाओं के बीच एनआईटी के पास स्थित नालंदा परिसर पहुंचे. जेपी नड्डा ने करीब आधे घंटे तक युवाओं से राष्ट्र, समाज और युवा सोच पर बात की.

## युथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर गिरेगी गाज

### मामला- विसर्जन झांकी के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष से मारपीट का

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जिलाध्यक्ष को शोकाश नोटिस जारी करने का आदेश दिया गया है आदेश के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया जिला युथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस दिया गया जवाब आने के बाद आगे की कार्यवाही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के द्वारा आगे की कार्य वाही की जायेगी। ज्ञात हो कि 18 सितम्बर की गणेश विसर्जन झाँकी के दौरान कांग्रेस के द्वारा झाँकियों को पुरस्कृत करने के लिए मंच लगाया गया था । मंच बैनर पोस्टर लगाए गए थे जिसमें जिला युथ कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप गहरवार का फोटो नहीं लगाया गया था जिसको लेकर श्री गहरवार ने अपने साथियों के साथ पंडाल में आकर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान के साथ गाली गलौज कर मारपीट की घटना खुलकर सड़क पर आ गई थी। घटना के बाद यह मामला कांग्रेस के दोनों अध्यक्षों के द्वारा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज की गई थी। पुलिस एफआई कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया गया था। इस घटना के बाद कांग्रेस की अंर्तकलह खुलकर सामने आ गई थी हालाँकि शहर व युथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दोनों ही नवाज समर्थक बताए जाते हैं। घटना के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू के द्वारा पूरी घटना की जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को दिया गया था। जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा युथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्री गहरवार को कारण बताओ जारी करने का आदेश दिया गया था इसको लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री साहू ने प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर श्री गहरवार को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया जवाब मिलने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी। श्री गहरवार से चर्चा करने पर बताया गया कि हमें किसी प्रकार का कोई कारण बताओ नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है, मिलने पर अपना जवाब प्रस्तुत करूँगा।



## संकेतक के अभाव में डिवाईडर के अंदर घुसी बाईक, बाईक सवार घायल

### 18 करोड़ के सड़क निर्माण में नहीं रूक रहा दुर्घटनाओं का सिलसिला,धीमी गति से कार्य चल रहा है



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगाव नगर में लंबे समय से अजूबा ढंग से बन रहे 18 करोड़ के सडक़ निर्माण में दुर्घटनाओं का सिलसिला रूकने का ही नाम नहीं ले रहा। आधे अधूरे उबड़ खाबड़ ढंग से बन रहे सडक़ की दुर्दशा इतनी किएक सप्ताह पहले ही दो ट्रकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर आई थी। बुधवार फिर एक बाईक सवार संकेतक के अभाव में रोड के बींचोबीच बने डिवाइडर के अंदर घुस गया और घायल हो गया।

**डोंगरगांव नगर में 3.60 किलोमीटर में बन रही सडक़ लोगों के लिए लेट लतीफी से रोड़ निर्माण कार्य अब**

जानलेवा साबित हो रही है। ठेकेदार के लापरवाहीपूर्वक कार्य और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के ठेकेदार के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा शह देने की प्रवृत्ति के कारण सडक़ में बड़े बड़े गड्ढे हो गये हैं। इसके अलावा कुछ किलोमीटर के सडक़ में जगह जगह से उखड़ चुके डामर और गिट्टियों के कारण इस सडक़ पर चलना काफी खतरनाक हो गया है। इसके बाद भी ठेकेदार की घोर लापरवाही के चलते रोज ब रोज एक दो दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। ताजा घटनाक्रम के अनुसार आज शाम चौकी मार्ग की ओर से डोंगरगांव किसी काम से आ रहा एक बाईक सवार संकेतक के अभाव में रोड के बींचोबीच बने डिवाइडर में बाईक सहित घुस गया और घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाईक क्र. सीजी 08 एजी 0992 सामने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं बाईक सवार पुनेश्वर साहू आ. गोविन्द राम साहू (33 वर्ष) मूल निवासी गुण्डरदेही (बांधाबाजार) को चेहरे, सिर, हाथ, सीने सहित अन्य हिस्सों में चोट पहुंची है। राहगीरों द्वारा एबुलेंस तथा डायल 112 को सहायता हेतु कॉल करने पर विलंब होते देखकर प्रेस क्लब



के सदस्यो द्वारा स्वयं अपने वाहन में बैठाकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया और वहां उसका इलाज करवाया गया। जानकारी के अनुसार उसकी हालत अभी खतरे से बाहर है। लेकिन अंदरूनी चोटों के कारण डॉक्टर द्वारा शरीर के अनेक हिस्सों के एक्सरे आदि की सलाह दी गई है। सूचना के बाद पुलिस भी अस्पताल पहुंची और घायल युवक के बयान आदि के बाद मामले की विवेचना में जुटी हुई है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बाद भी जिला

## करेंट लगने से गर्भवती महिला की दर्दनाक मौत

**ग्राम बेन्दरकटा की घटना**

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** समीपस्थ ग्राम बेन्दरकटा में गुरुवार को सुबह करेंट लगने से एक गर्भवती महिला की दर्दनाक मौत हो गई। सुबह सवेरे हुई इस घटना के बाद गांव में मातम पसर गया। देर शाम पीएम के बाद शोकाकुल माहौल में गांव में मृतका का अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम बेन्दरकटा निवासी रोहिणी निषाद पति लेखराम निषाद (24वर्ष) घर में सुबह पोंछा लगा रही थी। इसी बीच उसे कूलर का करेंट लग गया। करेंट की चपेट में आने के बाद उसे तुरंत गांववालों की मदद से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में सबसे दुखद स्थिति यह है कि मृतका चार माह की गर्भवती थी। इसके अलावा उसकी लगभग दो साल की एक बच्ची भी है, जिसके सिर से मां का साया उठ गया। इस दर्दनाक घटना की खबर जैसे ही गांव में फैली गांव में मातम छा गया। देर शाम मृतका का पीएम डोंगरगांव में कराने के बाद गांव में मृतका का अंतिम संस्कार किया गया।



## पुलिस की सख्ती पर पलीता लगा रहा आबकारी विभाग, मामला- धर्मनगरी में अवैध कारोबार का



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** पुलिस डाल डाल चल रही है तो अवैध शराब कोचिया व जुआरी पात पात की कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं तो दूसरी ओर आबकारी विभाग कुंभकर्ण की नींद में सोया हुआ साफदिखाई पड़ रहा है। ज्ञात हो कि थाना प्रभारी के द्वारा शराब के अवैध कारोबार करने वाले के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। इसके बाद भी बड़े मगरमच्छ कहलाने वाले अवैध शराब कारोबारी पुलिस की नजर से भूमिगत हो अवैध शराब के कारोबार को अंदर ही अंदर धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है। पुलिस की सख्ती के कारण नगर के अंदर सरेआम धर्मनगरी में अवैध रूप से बियर बार चलाने वाले अपनी दुकानदारी जरूर बंद कर दिये है परंतु सूत्र बताते है कि नाबालिक युथ को सामने कर मदिरा प्रेमियों के घर घर शराब पहुँचाई जा रही है तो दूसरी तरफ छोटे छोटे अवैध शराब कोचियाओ के द्वारा नाबालिको का ग्रुप बनाकर शासकीय दुकान में पहुँचकर अलग अलग स्थानों से चार- चार पौव्वा की खरीदारी कर शाम ढलते ही मदिरा प्रेमियों को ऊँचे दर पर शराब मुहैय्या करवाई जा रही है। जिस प्रकार से देशी मदिरा की आपूर्ति की जा रही है वह आबकारी विभाग के अधिकारियों की पोल खोल के रख दिया है। पुलिस की भरपूर प्रयास के बाद भी यह अवैध कारोबार लगातार जारी है। बताया जाता है कि थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा के द्वारा सख्त आदेश दिए गए है कि इस अवैध कारोबार में जो लिप्त होगा उसे बख्शा नहीं जायेगा और इसको लेकर थाना प्रभारी संदिग्ध स्थानों पर अपनी उपस्थिति में पेट्रोलिग तक की जा रही है इसके बाद भी मुरमुंदा, राका, बधियाटोला, भीमनगर, कालका पारा, राजीव नगर, जेल रोड, रविदास नगर, कंडरापारा, बस स्टैंड, कश्मीरी पारा, ठेकेवार पारा, हाई स्कूल चौक, खंडूपारा, रेलवे चौक, बुधवारी पारा, दंतेश्वरी पारा, इंदिरा नगर, अछोलि, लेडीजोब, करवारी, बछेराभांठा, चौथना, खरकाटोला, बरनाराकला सहित ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अवैध शराब से लेकर गांजा, सट्टापट्टी, जुआ, नशीली गोलियों सहित सिलोशन, सफेदा, कफसिरफसहित मादक पदार्थ की आपूर्ति धड़ल्ले से की जा रही है। इस अवैध कारोबार पर पुलिस की सख्ती तो नजर आ रही है परंतु आबकारी विभाग के आलाधिकारी कुंभकर्ण की नींद में सोये हुए है जिससे आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर कई प्रकार के सवाल खड़े होने लगे है। सूत्रों की माने तो बताया जाता है कि कई अवैध मादक पदार्थ का अवैध कारोबार आबकारी विभाग के संरक्षण में फल फूल रहा है जो जनचर्चा का विषय बन गया है। जनचर्चा तो यहाँ तक है कि आबकारी विभाग अवैध कारोबारियों से मोटी रकम लेकर इस अवैध कारोबार को अमलीजामा पहनाती है और अपनी पीठ थपथपाने के लिए अवैध कारोबारी के ऊपर कार्यवाही करने के नौकरो के नाम पर माह में एक-एक केस बनाकर अपनी वाहवाही लूटते रहती है जो प्रदेश सरकार के मुखिया के लिए जाँच का विषय बनता जा रहा है।




## पुलिस विभाग खाद्य सुरक्षा विभाग ने दी दबिश

### श्री प्रसाद इलाईची दाना निर्माण में मिली गड़बड़ी, अधिकारी ने की पुष्टि

**राजनांदगांव- (नांदगांव टाइम्स)।** प्रमुख धार्मिक स्थल के प्रसाद में मिलावट की खबर के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के सभी धार्मिक स्थलों पर चढ़ाए जाने वाले प्रसाद की सख्त जांच शुरू हो गई है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम राका स्थित एक पोल्ट्री फार्म के साथ लगी हुई बिल्डिंग में दबिश दी गई। इस बिल्डिंग में मजहर खान द्वारा श्री प्रसाद नाम से इलायची दाना पैक किया जा रहा था। जांच के दौरान पैकेट पर पैकेजिंग, लेबलिंग, निर्माण की तारीख, निर्माता का नाम और पता जैसी आवश्यक जानकारी का उल्लेख नहीं किया गया था, जो प्रथम दृष्टया खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री डोमेन्द्र ध्रुव ने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि इलाईची दाना का पैकिंग बिना किसी मानक प्रक्रिया के किया जा रहा था। पैकिंग की जा रही सामग्री श्री प्रसाद इलाईची दाना को गुणवत्ता जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है एवं अनुमानित कीमत लगभग बीस हजार रूपए मूल्य की थी। श्री प्रसाद इलाइची दाना को जब्त कर संचालक के अभिरक्षा में रखा गया है और आगे की जांच जारी है। फिलहाल निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है। जांच में यह भी पता चला है कि इस इलाईची दाना का कारोबार संबंधित के परिवार द्वारा पूर्व से ही किया जा रहा था। आशंका के आधार पर गुणवत्ता जांच सहित कार्रवाई नियमानुसार आगे भी जारी रहेगी।




## मंदिर में लायची दाना (मखाना) का वितरण नहीं किया जाता

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर से 5 किलोमीटर दूर स्थित लायची दाना (मखाना) फैक्टरी पर छापे और कार्यवाही के बाद कुछ लोगों द्वारा मां बम्लेश्वरी मंदिर में हो रहे प्रसाद वितरण के विषय में झूठी अफवाहें फैलाई जा रही है। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा किसी भी लाईचीदाना (मखाना) फैक्टरी से खरीदी नहीं की जाती , वर्ष भर दर्शनार्थियों द्वारा चढ़ाये गये नारियल को ही प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाता है और जब नवरात्र पर्व के दौरान मंदिर परिसर में नारियल फोड़ना प्रतिबंधित होता है तो प्रसाद में मिश्री दाने का वितरण किया जाता है। इस संबंध में यह जानकारी देना भी आवश्यक है कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा उच्च क्वालिटी का मिश्री दाना खरीदी कर स्वयं के पैकिंग मशीन से मंदिर परिसर में ही पैकिंग कर प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाता है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने विज्ञप्ति में दर्शनार्थीयों से अपील करते हुए कहा है कि इस संबंध में फैलाये जा रहे अफवाहों पर ध्यान न देवें। साथ ही मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने ट्रस्ट की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से जो दुष्प्रचार किया जा रहा है उन पर कार्यवाही करने की मांग शासन प्रशासन से किया है।

## भारत जोड़ो यात्रा कि तर्ज पर छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का किया गया आगाज

**न्याय यात्रा में शामिल होने महामंत्री चुम्मन साहू हुए रवाना**

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** राज्य सरकार के खिलाफ राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के तर्ज पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिपक बैज के नेतृत्व में न्याय यात्रा का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निर्देशानुसार अनुसार 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक गिरौधपुरी से रायपुर तक न्याय यात्रा जारी रहेगा। आदेश में यात्रा का मुख्य उद्देश्य बलौदा बाजार में हुए आगजनी प्रकरण में निर्दोष कार्यकर्ता व सतनामी समाज के लोगों तथा कवर्धा जिले के लोहारीडीह में घटित हृदय विदारक घटना से साहू समाज के तीन बेटों की हुई निर्मम हत्या सहित प्रदेश में फैली अराजकता को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी व्दारा न्याय यात्रा आयोजित किया गया है। जिसमें जिला महामंत्री चुम्मन साहू इस यात्रा में शामिल होने रवाना हो गए हैं। मिली जानकारी अनुसार खुज्जी विधानसभा से केवल इस यात्रा के शुभारंभ में जिला महामंत्री चुम्मन साहू ने भाग लिया है। यह यात्रा में कानून व्यवस्था व बढ़ते अपराध व महिलाओं की सुरक्षा को लेकर आमजनता को न्याय दिलाने न्याय यात्रा का आगाज किया गया है।



# नाबालिक प्रेमी का पुलिस से पिटाई मामले में नया खुलासा

## परिजनो ने पेश किया इकरार नामा कहा मिडिया के उकसावे मे हुई गलत बयानबाजी



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनादगांव जिले के छुरिया थाना क्षेत्र मे नाबालिक प्रेमिका से मिलने पहुंचा नाबालिक प्रेमी का पुलिस द्वारा मारपीट का मामला लगातार तीन दिनो तक अखबारो मे सुर्खिया रही। पर इस मामले मे एक नया मोड़ आ गया है। दोनो नाबालिको के परिजन लड़के का पिता कन्हैया लाल चक्रधारी और लड़की का पिता दशरथ साहू, छुरिया थाना पहुंच कर एक इकरार नामा सौपा है। इकरार नामा मे परिजन नाबालिक प्रेमी प्रेमिका के पिता का कहना है कि हम दोनो एक दूसरे को जानते पहचानते है। साथ ही दोनो नाबालिको के प्रेम प्रसंग से भी अवगत है। और दिनांक 22 सितंबर को नाबालिक प्रेमी अपने नाबालिक प्रेमिका से मिलने छुरिया थाना क्षेत्र के गांव मे प्रेमिका के घर पहुचा था, जिसका पता गांव वाले को लग गया जो प्रेमिका के घर पहुंच गए। जिससे डर कर प्रेमिका के घर अंदर ही एक कमरे मे दोनो नाबालिक प्रेमी प्रेमिका आपस मे बंद हो गए। जो खुद प्रेमी प्रेमिका पुलिस की डायल 112 को फोन कर बुलाए, 112 पहुंचने पर ही प्रेमी प्रेमिका कमरे का दरवाजा खोले उस समय गांव के सौ से अधिक लोग घर के बाहर मौजूद थे जिसे देख कर नाबालिक प्रेमी डर गया व भागने की कोशिश भी किया। जिससे वह गिर गया जिससे उसे हल्की व मामूली चोटें पहुची थी जिसे 112 के जवानो ने अधिक भीड़ को देखते हुए दोनो नाबालिग प्रेमी प्रेमिका को थाने लेकर पहुंची।

परिजन के इकरार नामा अनुसार दोनो का प्रेम संबंध की जानकारी परिजन रखते है। जिस कारण दोनो पक्ष किसी प्रकार की कार्यवाही नही चाह रहे थे प्रेमिका के परिजन जो थाना मे उपस्थित थे। जिसे नाबालिक प्रेमिका को सुपुर्द कर दिया गया व प्रेमी के परिजन उपस्थित नही थे। जिसे प्रेमिका के ही परिजन द्वारा प्रेमी के परिजन को फोन कर प्रेमी को घर ले जाने कहा गया। लेकिन प्रेमी के परिजन द्वारा छुरिया आने तुरंत वाहन की व्यवस्था नही हो पाने की बात कही गई, और प्रेमिका के परिजन को ही प्रेमी को सुपुर्द करने व थाने मे उपस्थित अरविंद साहू जो कि अंजोरा का रहने वाला है जिसके साथ नाबालिक प्रेमी को भेजने की बात कही गई।

**प्रेमी के परिजन द्वारा बताये अनुसार प्रेमी को सुपुर्दनामा**

पर दिया गया था। थाने से बाहर निकलने के बाद नाबालिक प्रेमी अरविंद साहू के साथ जाने से इंकार कर दिया और अपने परिजनो को फोन कर लेने आने कहा गया। तब नाबालिक प्रेमी के पिता कन्हैया लाल छुरिया थाने के सामने से अपने पुत्र प्रेमी को अपने साथ ले गये। जो घर पहुँचने के पश्चात् तबियत खराब हो गई जिसे जिला अस्पताल दुर्ग मे भर्ती कराया गया था।इकरार नामा अनुसार प्रेमी के पिता का कहना है नाबालिक प्रेमी का तबियत बिगड़ने व बेहोश होने के दौरान कारण का सही जानकारी नही होने से थाने मे मारपीट होने के कयास पर एवं मीडिया के उकसावे पर गलत बयान बाजी हो गयी थी। मौके पर मै भी उपस्थित नही था संभावनाओं के आधार पर बयान हुआ था। पुलिस के द्वारा परिजनो के कहे अनुसार सुपुर्दनामा किया गया। नाबालिक प्रेमी से किसी प्रकार की मारपीट नही की गई थी। और न ही हम दोनो प्रेमी प्रेमिका के परिजन किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही चाहते थे। इकरार नामा मे दोनो के परिजनो ने भविष्य मे किसी प्रकार के मीडिया मे बयानबाजी नही करने का भी उल्लेख किया है।

**नाबालिक प्रेमी जोड़ी के चक्कर मे नप गए टीआई।*अब परिजनो के इकरार नामा से क्या होगा भाई।**

दुर्ग के रसमडा से कुमर्रा छुरिया मिलने आया था नाबालिक प्रेमी, दोनो नाबालिको को गांव वाले प्रेमिका के घर ही घेर लिए। डरे सहमे नाबालिक प्रेमी जोड़ी ने पुलिस की 112 को फोन कर बुलाये, 112 के पुलिस जवानो ने दोनो नाबालिक प्रेमी जोड़े को थाने लेकर गई रात मे दोनो नाबालिको को परिजनो के हवाले किया गया, इस दौरान थाने मे क्या हुआ किसी को पता नही। दूसरे दिन खबर लगती है कि एक नाबालिक प्रेमी को पुलिस द्वारा बेदम पिटाई किया गया, और नाबालिक प्रेमी दुर्ग के हॉस्पिटल मे भर्ती है और गंभीर है। इतने मे और भी मिडिया सक्रीय होकर नाबालिक प्रेमी और उनके परिजन से घटना की सच्चाई जानने पहुंच गई। परिजन भी मिडिया से मुखातिफहोकर पुलिस पड़ताड़ना और नाबालिक से मारपीट की बात कही।इतने मे ही राजनंदगांव जिले के कप्तान साहब छुरिया टीआई को तत्काल लाइन हाजिर कर दिए। ऐसा लगा की पुलिस कप्तान साहब कोई रिस्क लेना नही चाहते थे। और वो भी ऐसे समय मे जब कवर्धा जैसे जिले मे हुए बड़े कांड। के कारण सरकार ने एसपी कलेक्टर को हटा दिए। छुरिया टीआई के लाइन हाजिर बाद व 25 सितंबर दोपहर के पहले तक नाबालिक प्रेमी और उनके परिजनो से नेताओ का मिलना और सोसल मीडिया मे पुलिस बर्बरता की बात चलते रही। 25 सितंबर संध्या लगभग 7 बजे नाबालिक प्रेमी प्रेमिका के दोनो परिजन पिता ग्राम के कुछ अन्य लोगो साथ छुरिया थाना पहुच कर एक इकरार नामा पुलिस को सौपता है। जिसमे पुलिस पड़ताड़ना व मारपीट होने से इनकार है। और न ही इस मामले मे दोनो पक्ष कोई कार्यवाही चाहते हैं। ऐसे मे कहा जा सकता है नाबालिक प्रेमी जोड़ी के चक्कर मे नप गए टीआई। अब इकरार नामा से क्या होगा भाई।

**परिजनो द्वारा मीडिया के उकसावे मे हुई गलत बयानबाजी कहना गलत।**

कोई भी मिडिया के बंधु नही चाहते कि किसी प्रताड़ित पीड़िता या अन्य किसी व्यक्ति को उकसाये जिससे किसी की नौकरी किसी का मान सम्मान व पद प्रतिष्ठा जाए। मिडिया समाज मे एक आईने के रुप मे कार्य करती है जो गलत चीजो का कभी समर्थन नहीं करती है न किसी पर



गलत होने देती है। नाबालिक प्रेमी की पिटाई मामले मे प्रेमी व परिजनो ने जो मिडिया को बताया वही मिडिया ने छापा। इसके बाद नाबालिको के परिजनो द्वारा इकरार नामा पेश कर अपने कहे बातों से पीछे हट रही है तो इसमे मिडिया का क्या दोष। ऐसे मे अगर भविष्य मे इसी तरह की कोई घटना सामने आएगी तो मिडिया के साथी भी अपना कदम व कलम पीछे करेंगे। जिससे कईयो को इंसाफमिलना मुस्किल हो जायेगा।

बहरहाल इस घटना पर कुछ सवाल है। नाबालिक पीड़ित प्रेमी से मिलने पहुंचे नेता और सवाल करने मिडिया के कुछ साथी पहुंचे सभी ने प्रेमी का हालचाल जाना व घटना की जानकारी ली किंतु किसी ने अस्पताल के डाक्टर से जानना नही चाहा कि आखिर नाबालिक को हुआ क्या है? नाबालिक प्रेमी जोड़ी को घर मे घिरे भीड़ से बचाने डायल 112 पुलिस से ली मदद जवानो ने सुरक्षित थाने तक पहुंचाया तो पुलिस कैसे मारेगी जिले के पुलिस कप्तान को टीआई का लाइन हाजिर करने में इतनी क्यों थी जल्दी, साहब को क्या कवर्धा कांड जैसा था भय ? प्रेमी व उनके परिजन ने मिडिया को पुलिस द्वारा मारपीट बताया फिर इकरार नामा पेश कर बदला क्यो क्या मामले की सेटिंग हो गई, ? ऐसे बहुत से और सवाल है लेकिन क्यो करना बवाल है, क्यूंकि मामला अभी शांत है,

### यातायात राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता कल से

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ द्वारा 28 सितंबर से 30 सितंबर तक रेलवे फुटबॉल मैदान डोंगरगढ़ में आयोजित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता में राज्य से 10 जिलों की टीम शिरकत करेंगी। प्रतियोगिता में रायपुर सेक्टर, सरगुजा, राजनांदगांव, बलोदा बाजार, बस्तर जांजगीर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़ एवं दुर्ग सेक्टर की टीम भाग ले रही है। क्रीड़ा अधिकारी डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता की समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई है। उक्त प्रतियोगिता का उद्घाटन 28 सितंबर को दोपहर 1:00 बजे किया जाएगा। अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के खेल मंत्री, जनप्रतिनिधि, उच्च शिक्षा विभाग अधिकारी, विभिन्न महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एव टीम मैनेजर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। खिलाड़ियों के आवास एव भोजन की संपूर्ण व्यवस्था महाविद्यालय द्वारा की गई है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव विकासखण्ड के अध्यक्ष कर्मचारी का मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व जिला टीम के द्वारा समीक्षा बैठक लिया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 25 सितम्बर बुधवार को मुख्य



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन डीडीओ अखिलेश चोपड़ा एवं जिले के समस्त नोडल प्रभारियो के द्वारा प्रात: 10:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक जनपद पंचायत डोंगरगांव के सभागृह में खण्ड स्तरीय समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियो की विशेष समीक्षा बैठक आयोजित किया गया जिसमें बेहत्तर स्वास्थ्य सुविधायें एम्बुलेंस ऑक्सीजन, जनरेटर की कियाशीलता के साथ समस्त आवश्यक औषधियों का भण्डारण व सूचनातत्र को प्रभारी एंव मुख्यालय निवास का निर्देश दिया गया साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के समस्त बिन्दुओ की लक्ष्यवार भौतिक उपलब्धी की समीक्षा किया गया जिसमें शत प्रतिशत सिकलसेल जॉच आयुषमान कार्ड, स्कूल एवं छात्रावास में स्वास्थय परीक्षण एएनसी पंजीयन, समस्त स्वास्थ्य संस्थाओ में क्रियाशील संस्थागत प्रसव बलगम जाँच, संघन कुष्ठ जॉच आभा पंजीयन एनसीडी आयुषमान मेला, स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा एवं आयुषमान पखवाड़ा इत्यदि पर आवश्यक कार्ययोजना बनाकर सर्व सम्बन्धितो को निदेर्शित किया गया जिसकी उपलब्धि की पुन: समीक्षा बैठक आगामी माह में लिये जाने की बात कही गयी उक्त समीक्षा बैठक में समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं से बीएमओ,बीईटीओ, बीपीएम, आरएमए, बीडीएम, बीएएम, सेक्टर पर्यर्वेक्षक, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, सीएचओ,आरएचओ, जेएसए व एवं मितानिन संयोजक उपस्थित थे ।

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 28 सितम्बर को ग्राम बरगा में

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में 28 सितम्बर 2024 को सुबह 10 बजे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सीआर पाटिल द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, सांसद श्री संतोष पाण्डेय, विधायक डोंगरगांव श्री दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी श्री भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी, सभापति जिला पंचायत श्री अशोक देवांगन, समाज सेवी श्री रमेश पटेल, सरपंच बरगा श्री कुमार सोनवानी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व शिलान्यास तथा विभिन्न हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया जाएगा।

**शुभांक**

1-2-5

179-7 235-0

**भाग्यांक**

127-0 226-0

# नगर में यातायात सुधारने की मुहिम फिर हुई ठप्प

**घनश्याम साव**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर में पूरे तैयारी के साथ एक सप्ताह पहले पुलिस विभाग और नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा यातायात को सुव्यवस्थित करने हेतु संयुक्त रूप से एक मुहिम छेड़ी गई थी मुहिम अब टांय टांय फिस्स होती नजर आ रही है। समझाईश के बाद कुछ दिनों तक पुराना बस स्टैण्ड में सडक़ से नीचे उतरकर खड़ी होने वाली बसों की पार्किंग फिर से अब सडक़ पर होने लगी है। इससे यातायात सुधारने की पहल को भारी धक्का लगा है और नागरिकों में इसको लेकर आक्रोश पनपने लगा है। एक लम्बे समय नगर में यातायात पूरी तरह से अव्यवस्थित और पुराने ढर्रे पर चल रहा है। जिसको जहां मर्जी अपनी दुपहिया, चार पहिया, मालवाहक आदि गाडियां पार्क कर देता है। इससे भले आमजनों को परेशानी उठानी पड़े, लेकिन वाहन मालिकों को इससे कोई सरोकार नहीं। यही स्थिति बस स्टैण्ड की है, यहां आने वाली बसें काफी समय से रोड पर ही खड़ी होती आई है। बसों के रोड पर ही खड़ी होने के कारण यहां से चौकी, छुरिया, राजनांदगांव जाने वाले यात्रीगण भी रोड के किनारे खड़े होते हैं। यात्रीगणों की सुविधा के लिए यहां पर न तो यात्री प्रतिक्षालय है और न ही किसी तरह की सुविधा है। रोड पर बसें खड़ी होने के अलावा यात्रीगणों के भी रोड पर खड़ा होना काफी दुष्कर कार्य है। इसके कारण यातायात की समस्या के साथ यात्रीगणों के लिए हमेशा घटना दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। इन्हीं सब बातों



**पुलिस की अनदेखी, बसों की पार्किंग फिर मेन रोड की सडक़ पर ही**

को देखते हुए यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने की दृष्टि से 11 सितंबर को अचानक पुलिस विभाग और स्थानीय नगर पंचायत प्रशासन सक्रिय हुआ और सबसे पहले रोड पर खड़ी हो रही यात्री बसों को पुराना बस स्टैण्ड में व्यवस्थित रूप से खड़े करने की मुहिम छेड़ी गई थी इससे न सिर्फ यातायात में सुधार आया, वरन् आवागमन भी सरल और सुगम हो गया। इसके लिए पुलिस विभाग ने एक दो दिनों तक बकाया इसकी मानिटरिंग भी की और समझाईश न मानने वाले कुछ बसों के विरूद्ध चालानी की कार्यवाही भी की गई थी लेकिन यह मुहिम आगे चल पाती, उसके पहले ही पुलिस और नगर पंचायत प्रशासन की अनदेखी के बाद यात्री बसों के ड्राइवरों ने फिर अपनी मनमर्जी प्रारंभ कर दी है और एक बार फिर अब यात्री बसें रोड पर ही खड़ी होने लगी है और पुराना बस स्टैण्ड की व्यवस्था फिर से पटरी से उतर गई है। पखवाड़े भर पहले यातायात दुरूस्त करने की प्रक्रिया आगे बढने् का सपना संजोये नागरिकों को इससे काफी झटका लगा है। क्योंकि लोगों ने सोचा था कि पुलिस और नगर पंचायत प्रशासन द्वारा चालू की गई यह मुहिम आगे चौकी रोड और राजनांदगांव रोड तक बढ़ेगी और रोड तक सामान फैलाकर व्यापार करने वाले व्यापारियों सहित रोड के आधे हिस्से तक अपने वाहनों की पार्किंग करने वाले लोगों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जायेगी। लेकिन लगता है पुलिस और नगर पंचायत प्रशासन इसको लेकर गंभीर नहीं है। ऐसे में सकारात्मक सोच रखने वाले नागरिकों के बीच पुलिस और नगर पंचायत प्रशासन के सुस्त रवैये को लेकर आक्रोश पनपने लगा है। वर्तमान में सड़क किनारे दोनो ओर गाड़ी और दुकानदारों ने भी लंबे समय से कब्जा जमाए हुए हैं जिन्हे नगर पंचायत एस डी एम तहसीलदार और पुलिस विभाग द्वारा अब तक कोई भी कार्यवाही नहीं किया गया है लगातार सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए आम नागरिको ने पुराना बस स्टैंड में एक यात्री प्रतीक्षालय की मांग की गई है।

## दुर्ग सांसद विजय बघेल से मुलाकात कर अनुकंपा नियुक्ति की मांग

### दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा कल्याण संघ को कब मिलेगी नौकरी?

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा कल्याण संघ की प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती माधुरी मृगे नेतृत्व में दुर्ग सांसद विजय बघेल से मुलाकात कर संगठन की महिलाओं ने अविलंब अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग की श्री बघेल ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे मुख्यमंत्री से मिलकर इस विषय पर आवश्यक चर्चा करेंगे। जानकारी के मुताबिक विषयांतर्गत उल्लेख है कि गत दिवस 25 सितंबर 2024 को दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा कल्याण संघ की प्रांत अध्यक्षा श्रीमती माधुरी मृगे के नेतृत्व में संघ पदाधिकारियों माधुरी चंद्रा,गीता साहू ,अरुंधती शर्मा , प्रमोद चौबे , व सदस्य गण दुर्ग सांसद श्री विजय बघेल जी से मुलाकात किए बघेल जी ने संवेदन शीलता पूर्वक आश्वाशन देते हुए जल्द निराकरण की बात कही, तथा मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर अनुकंपा नियुक्ति निराकरण का समर्थन किए। विगत दिनों अनुकम्पा नियुक्ति कल्याण संघ द्वारा एस पी, महोदय संतोष सिंह व ए डी एम पाटले से मुलाकात किए तथा प्रदेश अध्यक्षा द्वारा माननीय को आवेदन सौप कर लंबित अनुकंपा नियुक्ति का अविलंब तथा योग्यता अनुसार निराकरण की बात रखते हुए आग्रह निवेदन किए सभी ने संवेदन शीलता पूर्वक निश्चित ही जल्द निराकरण का आश्वासन बहनों को दिया। अलग अलग जिलों से आए संघ के सदस्यों



कुमुदिनी, संतोषी राठौर, फानी व अन्य सदस्यों के द्वारा भी माननीय निवेदन आग्रह करते हुए जल्द निराकरण की बात रखी।प्रदेश अध्यक्षा ने कहा कि भाजपा की सरकार पर पूर्ण विश्वास है इसी विश्वाश के साथ ही विगत चार दिनों पूर्व, मुख्यमंत्री , पंचायत मंत्री , वित्त मंत्री से और साथ ही सभी कैबिनेट मंत्री गण से अनुकंपा संघ पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ निवेदन आग्रह किए और मुख्यमंत्री से निवेदन किए। उपाध्यक्ष माधुरी चंद्रा ने कहा की बच्चो को पालने में कठिनाई हो रही है सरकार से गुहार है कि अनुकंपा नियुक्ति जल्द दे। साथ ही कैबिनेट मंत्री लखन सिंह देवांगन ने भी तीन दिन पहले हमारे हित को लेकर मुख्यमंत्री को लेटर लिखा है।

## कार्यपालन अभियंता दीवान को हटाने के लिए सिंधी समाज ने ज्ञापन सौंपा

### हिट एंड रन मामले में आरोपी है दीवान

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सर्व सिंधी समाज द्वारा पीडब्ल्यूडी मे नवपदस्थ कार्यपालन अभियंता पदमन दीवान के खिलाफमुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के नाम जिलाधीश संजय अग्रवाल जी को ज्ञापन सोपा गया। समाज के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी एवं ब्रह्मानंद बजाज ने बताया कि



हिट एंड रन मामले में 23 मई 2022 को तात्कालिक एसडीओ पदमन सिंग दीवान द्वारा लापरवाही एवं नशे में धुत होकर अपनी बोलेरो वाहन से समाज के श्री अनिल चौथवानी के सुपुत्र होनहार इंजीनियर यश चौथवानी को जबरदस्त ठोकर मारी,जो उनकी मृत्यु का कारण बनी । घटनास्थल पर पूरे 30 मिनट तक यश की मौत का तमाशा देखने वाले उक्त दीवान के खिलाफनगर के आक्रोशित लोगों ने कैंडल मार्च एवं अन्य कई प्रकार से विरोध दर्ज कराया था। ऐसे गंभीर मामले के दोषी व्यक्ति जिसके खिलाफ केस नंबर 84/2022 धारा 304 आईपीसी के तहत श्रीमान अपर सत्र न्यायाधीश जी (फास्ट ट्रैक) में मामला विचाराधीन है, ऐसे गंभीर आरोपी को पदोन्नति करते हुए कार्यपालन अभियंता बनाए जाने पर समाज एवं नगर के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन के माध्यम से सिंधी समाज के वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी, विजय गंगवानी, रूपचंद भीमनानी, अमर लालवानी, रवि बोधानी, अनिल चौथवानी एवं राजा माखीजा ने मांग कि है कि उक्त कार्यपालन अभियंता को तत्काल ही यहां से हटाया जाए और उक्त प्रकरण के निराकरण तक किसी भी सक्रिय पद पर न रखा जाए। अन्यथा समाज एवं नगर की जनता उग्र आंदोलन को बाध्य होगा ।

# 16 करोड़ के बुढ़ासागर के भ्रष्टाचार के एफआईआर का खुलासा

### महापौर हेमा देशमुख अपने कार्यकाल की अंतिम होने वाली 30 तारीख की सामान्य सभा में आम जनता के सामने खुलासा अपनी ईमानदारी का करके दिखाये - ओस्तवाल

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सामान्य सभा में विषय क्रमांक 17 में पारित सर्वसम्मति से एफआई.आर. दर्ज कराने का निर्णय पारित हुआ था, परंतु 2 साल व्यतीत होने के बावजूद तमाम जनप्रतिनिधियों के निगम आयुक्त एवं जाँच अधिकारी श्री यू.के. रामटेके के द्वारा कार्यवाही क्यों नही करवाई गई इसका जवाब जनता की अदालत में होने वाले चुनाव में देना होगा ) राजनांदगांव शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम् से निगम की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख से यह जानना चाहा की पूर्व महापौर मधुसूदन यादव जी के कार्यकाल में लगभग 16 करोड़ रूपयों की लागत के सौंदर्यकरण में खुले आम भ्रष्टाचार निगम के भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदार एवं मधुसूदन यादव जी के संरक्षण में हुआ ? और आपके द्वारा कांग्रेस शासन काल में जाँच समिति आपके गठित की गई जाँच समिति प्रारंभिक रिर्पोट के अनुसार निगम के अधिकारी कामना यादव, दीपक महला को निलंबित किया गया एवं दीपक जोशी के खिलाफ विभागीय जाँच का निर्णय हुआ एवं ठेकेदार के खिलाफ5 लाख रूपये दण्ड का निर्णय लिया गया एवं दिनांक 25.08.2022 की सामान्य सभा में भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ शासन के नियम विरूद्ध कार्य करने के खिलाफ कांग्रेस और भाजपा के पार्षदों के द्वारा सर्व सम्मति से एफआई.आर. दर्ज कराने का प्रस्ताव पास किया गया और इसके लिये निगम आयुक्त को अधिकृत किया गया लेकिन 2 वर्ष व्यतीत हो चुके है लेकिन इसका खुलासा नही हुआ और यदि पूर्व



महापौर मधुसूदन यादव जी के कार्यकाल में भ्रष्टाचार नही हुआ है? और वर्तमान महापौर श्रीमती हेमा देशमुख जी के कार्यकाल में भ्रष्टाचार हुआ है तो वर्तमान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व महापौर मधुसूदन यादव जी से यह मांग है कि इस प्रदेश सहित देश में डबल इंजन की सरकार चल रही है और जिस भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं छत्तीसगढ़ के तेजतर्रार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी ने 2023 के चुनाव में भ्रष्टाचारियों की जगह जेल में होगी का खुला ऐलान किया है इसलिये पूर्व महापौर मधुसूदन यादव जी दिनांक 30.09.2024 की नगर पालिक निगम राजनांदगांव में होने वाली सामान्य सभा में बूढ़ासागर के भ्रष्टाचार का जिन सामने लाकर अपने कर्तव्य का पालन आम जनता के सामने दूध का दूध और पानी का पानी करें और यदि अब प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद यदि बूढ़ासागर के भ्रष्टाचारियों के खिलाफ यदि कार्यवाही का खुलासा नही हुआ तो शहर की आम जनता को यह समझ में आ जायेगा कि दोनों पूर्व और वर्तमान महापौर इस निर्माण कार्य के भ्रष्टाचार में संलिप्त है इसलिये इस भ्रष्टाचार की कोई कमजोर नश निगम के जाँचकर्ता भ्रष्ट अधिकारी श्री यू.के. रामटेके और निगम आयुक्त के पास दबी हुई है ? इसलिये दोनों ही दलों के लोग थ-थईय्या कर आम जनता को जो गुमराह कर रहे हैं इसका परिणाम होने वाले नगरीय निकाय के महापौर चुनाव में मधुसूदन यादव और श्रीमती हेमा देशमुख को जनता के सामने जवाब देना होगा ।

nandgaon times sep--27-05.qxd 9/26/2024 11:59 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) कर्कश का विलोम होगा?*

*2) शिवाजी के अष्टप्रधान का कौन सदस्य विदेशी मामलों की देख-रेख करता था?*

*3) सप्त ऋषि समिति किससे संबंधित है?*

*4) हर वर्ष हाइफा दिवस कब मनाया जाता है?*

*5) हाल ही में किस मेगास्टार का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) विनम्र (2) सुमंत (3) घरेलू चाय उद्योग का विकास (4) 23 सितंबर (5) चिरंजीवी

# अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा के लिए प्रारंभिक स्तर पर ही नियंत्रित करने की जरूरत - कलेक्टर

## आग से सुरक्षा एवं बचाव के लिए फायर सेफ्टी इन इंस्टीट्यूशनल कमर्शियल बिल्डिंग एंड इंडस्ट्रीज विषय पर कार्यशाला का आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आग से सुरक्षा एवं बचाव के लिए आज जिला पंचायत सभाकक्ष में फायर एण्ड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया रायपुर तथा द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई लोकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में फायर सेफ्टी इन इंस्टीट्यूशनल कमर्शियल बिल्डिंग एंड इंडस्ट्रीज विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि अग्नि सुरक्षा के संबंध में जानकारी एवं सावधानी रखने के लिए आयोजित यह कार्यशाला समसामयिक है। आग कैसे लगती है और इससे सुरक्षित रहने के उपाय के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई है। उन्होंने कहा कि घर बनाते समय अग्नि से सुरक्षा रखने की आवश्यकता है। आग लगने पर तत्काल इसका समाधान करने पर आग बढ़ेगी नहीं और स्थानीय स्तर पर इसका समाधान हो जाएगा। बहुत से ऐसे कारण होते हैं, जिसके कारण आग लगती है, फिर उसे नियंत्रित करना कठिन होता है। रासायनिक कारणों से भी आग लगती है। कई स्थानों पर अग्निशामक यंत्र नहीं रखते हैं या रखते भी हैं तो उसकी एक्सपायरी डेट निकल जाती है या इसका उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित लोग नहीं होते हैं। वातावरण में बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए सिस्टम में ज्यादा लोड पडऩे पर भी शार्ट सर्किट की स्थिति बनती है। जिससे आग लगने की संभावना होती है। गुणवत्ताहीन वायर का उपयोग करने से भी आग लगने की संभावना होती है। उन्होंने कहा कि आज यहां सौभाग्य से अग्नि दुर्घटना एवं आग से सुरक्षा के लिए जानकारी देने हेतु विशेषज्ञ है, जिनसे हमें अच्छे से जानकारी लेना चाहिए। आग लगने पर फायर ब्रिगेड की पाईप लाईन छोटी गली में नहीं पहुंच पाती। जब भी घर बनाये तो इस सोच के साथ बनाएं, जहां फायर ब्रिगेड एवं एम्बुलेंस पहुंच सकें। उन्होंने बिलासपुर का उदाहरण देते हुए बताया कि पेंट की दुकान में आग लगने पर भीषण स्वरूप ले लिया। प्रारंभिक स्तर पर ही आग को बुझाने का प्रयास करना चाहिए। समय रहते अग्नि पर नियंत्रित नहीं करने पर बुझाने में मशक्कत करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि ऐसे दुकान जहां पर ऐसी वस्तुएं जो ज्वलशील पदार्थ रखते हैं, वहां पर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। दैनिक जीवन में आग से सावधानी रखने की आवश्यकता है। अपने घरों में जनसामान्य अग्निशामक यंत्र रख सकते हैं। श्री पुनीत चौबे ने कहा कि द इंस्टीट्यूशन ऑफइंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई लोकल सेंटर द्वारा इंजीनियरिंग समुदाय की सेवा करने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में यह आयोजन किया गया है, ताकि अग्नि सुरक्षा के संबंध में इंजीनियर समुदाय के समसामयिक एवं प्रासंगिक ज्ञान से समाज को लाभ मिल सके। देश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का लगातार विकास हुआ है। इसी संदर्भ में अग्नि एवं जीवन की सुरक्षा के लिए सभी भवनों एवं उद्योगों में सुनियोजित तरीके से ऐसी संरचना का निर्माण करना चाहिए, जिससे अग्नि सुरक्षा के मापदण्डों का पालन हो सके तथा अग्नि की रोकथाम व जीवन सुरक्षित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा से संबंधित योजनाबद्ध क्रियान्वयन, प्रशिक्षण तथा जागरूकता के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, ताकि सभी सजग एवं सतर्क रहकर सुरक्षित रहें। मुख्य वक्ता एवं संयुक्त सचिव फायर एण्ड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया रायपुर श्री अरविंद रस्तोगी ने प्रजेंटेशन के माध्यम से अग्नि सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आग लगने पर आपातकालीन स्थिति में अलार्म सिस्टम होना चाहिए। ज्यादातर शार्ट सर्किट होने के कारण आग लगती है। टर्मिनल ठीक नहीं होने के कारण तथा घरों में विद्युत के संबंध में उपेक्षा के कारण आग लगती है। आग की आपात की स्थिति को ध्यान में रखते हुए जनसामान्य को सबसे पहले फायर एग्जिट देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाहे वह सिनेमा हॉल हो या कोई होटल, भवन या अन्य स्थान फायर एग्जिट से संबंधित जानकारी और सूचना होना आवश्यक है। यदि ऐसी सूचना न हो तो ऐसे स्थानों में नहीं जाना चाहिए।

## अंडर - 19 क्रिकेट खेलेगा भारतीय टीम से - भावेश

**बधाई शुभकामनाएँ देने पहुंचे - शिक्षक**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम - जंगलेसर का प्रतिभाशाली छात्र - भावेश रजक जो वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक



विद्यालय धामनसरा में कक्षा - 12 वीं छात्र है, का चयन अंडर -19 भारतीय क्रिकेट टीम में विकेट कीपर - बल्लेबाज के रूप में हुआ है।विगत दिनों गोवा में आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ की ओर से खेलते हुए भावेश ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया और बेस्ट बल्लेबाज और बेस्ट विकेट कीपर का खिताब अपने नाम किया। अंडर -19 क्रिकेट टीम में चयन होने पर उनके शिक्षकों ने खुशी जताई है और जंगलेसर पहुँचकर भावेश, उनके माता-पिता और परिजनों से मिलकर बधाई और निरंतर प्रगति- पथ पर अग्रसर होने के लिए शुभकामनाएँ दिए। बधाई देने पहुँचने वालों में राकेश सोनी (प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बुचीभरदा) , स्वर्णा श्रीवास्तव (प्रधान पाठक प्राथमिक शाला आरला) , भूपेश साहू ( सुरगी) के साथ- साथ बड़ी संख्या में सहपाठी मित्र, ग्रामवासी एवं परिजन उपस्थित थे।

# बुद्धूभरदा में प्रधानमंत्री आवास योजना का बुरा हाल ?

## पात्र को वचित करने और कई अपात्र को लाभ पहुंचाने की शिकायत



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव जनपद गया है, जो गलत है। उन्हें विधवा के परिवार को पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बुद्धभरदा में शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना में भारी अनियमितता बरते जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस आशय की शिकायत पात्रता रखने वाले ग्रामीणों के साथ कुछ अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन सौंप कर की है। साथ ही मांग की गई है कि जो वास्तविक और वंचित गरीब आवेदक हैं, उन्हें इस योजना का लाभ अविलंब दिया जाए और अनियमितता की जांच कर दोषी लोगों के प्राथमिकता वाले क्रम में लेते हुए आवास मिलना था। आवेदिका सरोजबाई ने कलेक्टर से शिकायत की है कि गांव के कई अपात्र आवेदकों का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए स्थायी प्रतीक्षा सूची में डाला गया है, जिन्हें इसी वर्ष आवास योजना का लाभ मिलेगा। इसकी जांच वरिष्ठ अधिकारियों कराई जाने की मांग करते हुए सरोज बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वयं को इसी वर्ष लाभ दिलाने की मांग की है। खिलाफ उचित कार्यवाही की जाए। ग्राम पंचायत बुद्धभरदा की सरोज बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वयं को लाभ दिलाने के लिए आज कलेक्टर को आवेदन पत्र दिया तो कलेक्टर ने उनकी बातों को गौर से सुनते हुए जिला पंचायत सीईओ को आवश्यक कार्यवाही के लिए रिमार्क किया। सरोज बाई पति स्व. गणेश साहू आवास निर्माण अनुदान हेतु कई साल से आवेदन कर रही हैं। उनका घर कच्चा है। बीते साल की बारिश में उनके मकान का अधिकांश हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। उनके आवेदन पर उनका नाम आवास प्लस की सूची में डाला ग्रामीणों ने की पीएम आवास की मांग उक्त ग्राम पंचायत के आवासहीन एवं कच्चा मकान वाले ग्रामीण आज बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। इन्होंने संयुक्त हस्ताक्षरित्र पत्र में कलेक्टर से प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। पत्र में संतोष साहू, गुलाब साहू, कन्हैया साहू, धनेश साहू, संदीप, राजेंद्र साहू, ललिता नेताम, बिशाल रंजन, रंजीत, बालाराम निषाद, रजोला चंद्रकली, ढालू सतनामी, दुर्गाबाई सहित और भी ग्रामीणों के नाम शामिल हैं।

# यूथ हॉस्टल्स भिलाई इकाई द्वारा प्लेटिनम जुबली बाइक एडवेंचर ट्रैकिंग का सफल आयोजन



**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई इकाई द्वारा एक दिवसीय प्लेटिनम जुबली बाइक एडवेंचर ट्रैकिंग का आयोजन किया गया । इस आयोजन में दुर्ग भिलाई , रायपुर , राजनांदगाँव , खैरागढ़ , छुईखदान एवं जगदलपुर के सदस्यों ने हिस्सा लिया । खैरागढ़ छुईखदान गण्डई जिले में आयोजित इस बाइक एडवेंचर ट्रैकिंग में सदस्यों ने डोंगेश्वर महादेव चोरड़ाधाम जंगलपुर , ठाढ़पानी वॉटर फॉल सरईपतेरा साल्हेवारा एवं बेतालरानी घाटी छुईखदान के प्राकृतिक सौन्दर्य का आनन्द लिया । आयोजन के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए यूथ हॉस्टल्स छत्तीसगढ़ के सचिव के. सुब्रमण्यम ने बताया कि सभी आयु वर्ग के 75 से अधिक स्त्री पुरुष सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया । यह ट्रैकिंग जीरो प्वाइंट राजनांदगाँव से कुल आना जाना 250 किमी पड़ा । इस ट्रैकिंग में 85 वर्षीय वरिष्ठतम सदस्य पी. के. द्विवेदी के अनवरत उत्साह से बाकी सभी प्रतिभागी ऊर्जावान होते रहे । नर्मदा चौक से साल्हेवारा ठाढ़पानी और वापसी बेतालरानी घाटी तक जंगलों के बीच का सफर काफी रोमांचक रहा । यह ट्रैकिंग यूथ हॉस्टल्स भिलाई इकाई द्वारा आयोजित था । विदित हो कि यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया द्वारा विगत दिनों राजनांदगाँव में भी संस्था की इकाई का गठन किया गया है । राजनांदगाँव इकाई के संयोजक मिनेश मिश्रा ने बताया कि यह वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर संस्था के गठन का प्लेटिनम जुबली है । इसी के परिप्रेक्ष्य में हमने 75 बाइकर्स का ध्येय रखकर बाइक एडवेंचर ट्रैकिंग का आयोजन किया । सदस्य डोंगेश्वर महादेव चोरड़ाधाम का प्राकृतिक सौन्दर्य देखकर मंत्रमुग्ध हो गये । सदस्यों के लिए वहाँ का मनमोहक वातावरण और छवि अत्यन्त रमणीय रहा । प्रतिभागियों ने वहाँ झरने का भी जी भरकर आनन्द लिया । भिलाई इकाई के प्रेसिडेंट ऋषिकान्त तिवारी ने बताया कि पूरे ट्रैकिंग का खास आकर्षण ठाढ़पानी वॉटर फॉल सरईपतेरा साल्हेवारा रहा । यह लघु तीरथगढ़ जलप्रपात के नाम से भी जाना जाता है । सरईपतेरा से जलप्रपात तक का चार किमी जंगल का मार्ग खतरनाक जोखिम भरा और दुर्गम है ; जिसे सभी सदस्यों ने पारस्परिक सहयोग से पूर्ण किया । तीन जगहों पर बरसाती नाले से बाईक पार कराने के लिए सदस्यों को काफी मशक्कत करना पड़ा ।

## दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु प्रविष्टियां उपलब्ध कराने के निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समाज कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 3 दिसम्बर को दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अंतर्गत उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारियों, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य कराने वाली स्वैच्छिक संस्थाओं, नियोक्ताओं के अतिरिक्त सर्वोत्तम जिला सवर्ग को पुरस्कृत किया जाता है। दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु इच्छुक एवं पात्र जिला कार्यालय एवं कनिष्ठ कार्यालयों में कार्यरत दिव्यांग कर्मचारियों की प्रतिष्ठियां 5 अक्टूबर 2024 तक जिला कार्यालय समाज कल्याण राजनांदगांव में प्रस्तुत की जा सकती हैं।

## निधन



**सुखराम साहू**

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लखोली वार्ड क्रमांक 35 नाई पारा निवासी सुखराम साहू ( बढ़ई ) का 26 सितंबर दिन गुरुवार समय दोपहर 2:00 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम यात्रा आज उनके निज निवास स्थान नाई पारा से 11:30 बजे निकाली जाएगी। उनका अंतिम संस्कार लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र व दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए।

# मोक्ष प्राप्ति के लिये श्रीमदभागवत कथा ही श्रेष्ठ मार्ग - पं. दिनेश दुबे

**अरविन्द तिवारी**





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्रीमदभागवत कथा को अमर कथा माना गया है , यह कथा हमें मुक्ति का मार्ग दिखलाती हैं। जो जीव श्रद्धा और विश्वास के साथ मात्र एक बार इस कथा को श्रवण कर लेता है उनका जीवन सुखमय हो जाता है , वह सदैव के लिये मोक्ष की प्राप्ति कर लेता है और उसे सांसारिक बंधनों के चक्कर मे आना नही पड़ता। इस कलिकाल में मोक्ष दिलाने वाला श्रीमद्भागवत महापुराण कथा से कोई अन्य श्रेष्ठ मार्ग नही है।

उक्त बातें कोसा , कांसा एवं कंचन की नगरी एवं मां समलेश्वरी की पावन धरा चाम्पा में श्रीमति आशा द्विवेदी की स्मृति में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस भागवताचार्य पं0 दिनेश कुमार दुबे (पुरगांव वाले) ने मुख्य यजमान श्रीमति श्वेता जयप्रकाश द्विवेदी सहित उपस्थित श्रोताओं को आज कथा का रसपान कराते हुये कही। महाराजजी ने बताया कि परीक्षित को ऋषि पुत्र द्वारा सातवें दिन मरने का श्राप दिया गया था। उन्होंने अन्य उपाय के बजाय श्रीमद्भागवत की कथा का श्रवण किया और मोक्ष को प्राप्त कर भगवान के बैकुण्ठ धाम को चले गये?। ऐसे श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का सौभाग्य केवल श्रीकृष्ण की असीम कृपा से ही प्राप्त हो सकती है। कथा सुनाने के बाद श्रीशुकदेव जी ने राजा परिक्षित को पूछा राजन मरने से डर लग रहा हैं क्या ? तब राजा ने कहा महाराज मृत्यु तो केवल शरीर की होती हैं आत्मा तो अमर होती हैं , भागवत कथा सुनने के बाद अब मेरा मृत्यु से कोई डर नही हैं और अब मैं भगवत्प्राप्ति करना चाहता हूँ। मुझे कथा श्रवण कराने वाले सुकदेवजी आपकों कोटि-कोटि मेरा प्रणाम कहकर परिक्षित ने श्री शुकदेवजी को विदा किया। इसके बाद तक्षक सर्प आया और राजा परीक्षित के शरीर को डसकर लौट गया। परीक्षित की आत्मा तो पहले ही श्रीकृष्ण की चरणारविन्द में समा चुकी थी और कथा के प्रभाव से अंत में उन्हें मोक्ष प्राप्त हो गया। परीक्षित को जब मोक्ष हुआ तो ब्रह्माजी ने अपने लोक में तराजू के एक पलड़े में सारे धर्म और दूसरे में श्रीमद्भागवत को रखा तब भागवत का ही पलड़ा भारी रहा। अर्थात श्रीमद्भागवत ही सारे वेद पुराण शास्त्रों का मुकुट है। इधर पिता की मृत्यु को देखकर राजा परीक्षित के पुत्र जनमेजय क्रोधित होकर सर्प नष्ट हेतु आहुतियाँ यज्ञ में डलवाना शुरू कर देते हैं जिनके प्रभाव से संसार के सभी सर्प यज्ञ कुंडों में भस्म होना शुरू हो जाते हैं तब देवता सहित सभी ऋषि मुनि राजा जनमेजय को समझाते हैं और उन्हें ऐसा करने से रोकते हैं। महाराजश्री ने बताया कि इस कलयुग में भी मनुष्य श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर अपना कल्याण कर सकता हैं। इस कलिकाल में भी वह भगवान के नाम स्मरण मात्र से भगवत् शरणागति की प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य बना सकता है। उन्होंने बताया कि भागवत कथा हर मनुष्य के भाग्य में नहीं होती है , वे बहुत भाग्यशाली ही होते है जिनके भाग्य में भागवत कथा श्रवण करने का अवसर होता है। देखा जाये तो भागवत कथा कलियुग में साक्षात् भगवान के दर्शन के बराबर होते है। श्रीमद्भागवत कथा के स्मरण करने मात्र से हमारे सभी पाप नष्ट हो जाते है और अनंत पुण्यों की प्राप्ति होती है। श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने हेतु देवता गण भी तरसते रहते है। मानव प्राणी को इस कथा का लाभ व आशीर्वाद आसानी से भी मिल सकता है , श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से मानव जीवन का पूरी तरह से कल्याण हो जाता है और उनके सारे कष्ट दूर हो जाते हैं।

## धर्म समाचार....

# श्राद्ध पक्ष से जुड़ी परंपराएं : मृत व्यक्ति का पुत्र न हो तो उसकी पत्नी कर सकती है धूप-ध्यान और दान-पुण्य





आज उन लोगों के लिए श्राद्ध कर्म किए जाएंगे, जिनकी मृत्यु अष्टमी तिथि पर हुई थी। पितरों के लिए श्राद्ध कर्म और दान-पुण्य पुरुष के साथ ही घर-परिवार की महिलाएं भी कर सकती हैं। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, पौराणिक कथा है कि देवी सीता ने राजा दशरथ के लिए पिंडदान, दान तर्पण आदि शुभ काम किए थे। कथा के अनुसार श्रीराम, लक्ष्मण और सीता पितृ पक्ष में राजा दशरथ के लिए पिंडदान करने गया तीर्थ क्षेत्र में गए थे। उस समय श्रीराम-लक्ष्मण किसी काम से कहीं गए थे, तब सीता फल्गु नदी के किनारे पर उनका इंतजार कर रही थी। उस समय देवी सीता को राजा दशरथ की आत्मा ने दर्शन दिए और कहा था कि तुम ही मेरे लिए पिंडदान कर दो। अपने ससुर की आज्ञा मानकर सीता ने राजा दशरथ के लिए पिंडदान, तर्पण आदि शुभ कर्म किए थे। फल्गु नदी के किनारे पर अपने पुत्र की वधु के हाथो हुए पिंडदान से राजा दशरथ की आत्मा तृप्त हुई थी और उन्होंने सीता को आशीर्वाद दिया था। पितृ पक्ष में अपने पूर्वजों को श्रद्धा पूर्वक याद किया जाता है, इसी वजह से इस पक्ष का नाम श्राद्ध पक्ष भी है। दरअसल ये घर-परिवार के पूर्वजों को याद करने का पर्व है। हम अपने पूर्वजों को भी याद करें, उनके नाम पर कुछ ऐसे काम करें, जिनकी वजह से उन्हें आत्म शांति मिल सके, इसी उद्देश्य से पितृ पक्ष में धर्म-कर्म करने की परंपरा है। किसी मृत व्यक्ति का पुत्र न हो तो मृत्यु तिथि उसकी पत्नी को पिंडदान, श्राद्ध और तर्पण के साथ ही दान-पुण्य करना चाहिए। बहू अपने मृत सास-ससुर के लिए भी श्राद्ध कर्म कर सकती है। अगर किसी मृत व्यक्ति की कोई संतान नहीं है और उसकी पत्नी, माता-पिता भी नहीं हैं तो उसके कुटुंब के लोग पिंडदान, श्राद्ध और तर्पण कर सकते हैं। पितृ पक्ष की अमावस्या (2 अक्टूबर) पर घर-परिवार सभी पूर्वजों के लिए श्राद्ध करना चाहिए। श्राद्ध करते समय सभी पितरों का ध्यान करना चाहिए। किसी मृत व्यक्ति के घर-परिवार में कोई श्राद्ध कर्म करने वाले न हो तो उसके नाम से उसका शिष्य या कोई मित्र भी श्राद्ध कर सकता है।

## सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या 2 अक्टूबर को



अभी पितृ पक्ष चल रहा है और इस पक्ष की अंतिम तिथि यानी सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या 2 अक्टूबर (बुधवार) को है। इस तिथि का महत्व काफी अधिक है, क्योंकि इस दिन किए गए श्राद्ध, पिंडदान और तर्पण से घर-परिवार के सभी पितरों को तृप्ति मिल सकती है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, पितृ पक्ष में जाने-अनजाने सभी पूर्वजों के लिए धूप-ध्यान करना चाहिए। मान्यता है कि श्राद्ध पक्ष में घर-परिवार के पूर्वजों की आत्माएं अपने वंशजों के घर पहुंचती हैं और इन दिनों में किए गए श्राद्ध कर्म से तृप्त होकर अपने धाम पितृ लोक लौट जाती है। पितर देव तृप्त होते हैं तो अपने वंशजों को आशीर्वाद देते हैं। पितरों की कृपा से हमारी सभी समस्याएं खत्म होती है और जीवन में शांति बनी रहती है। जो लोग अपने पितरों के लिए धूप-ध्यान नहीं करते हैं, उनके पितर अतृप्त और दुखी रहते हैं। दुखी पितर अपने वंशजों को शाप देते हैं, इनके शाप की वजह से कुंडली में पितृ दोष बढ़ता है और किसी भी काम में आसानी से सफलता नहीं मिल पाती है। ऐसी परेशानियों से बचने के लिए हमें अपने पितरों को याद करते हुए उनके नाम से धूप-ध्यान, पिंडदान, तर्पण और दान-पुण्य करना चाहिए। पितरों की मृत्यु तिथि मालूम न हो तो क्या करें ? अगर घर-परिवार के पूर्वजों की मृत्यु तिथि मालूम न हो तो हमें पितृ पक्ष की सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या तिथि पर जाने-अनजाने सभी पितरों के लिए धूप-ध्यान, पिंडदान और तर्पण आदि धर्म-कर्म करना चाहिए। इस तिथि उन मृत लोगों के लिए भी श्राद्ध करें, जिनकी मृत्यु पर किसी वजह से श्राद्ध कर्म करना भूल गए हैं।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# शासकीय स्कूल में हुए गैर शैक्षणिक कार्यक्रम को लेकर डीईओ ने दिये जांच के आदेश

## स्कूलों में फर्जी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम में पहुंचे थे शिक्षक, नांदगांव टाइम्स में खबर प्रकाशित होने के बाद जागा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय





शासकीय स्कूल में धड़ल्ले से आयोजन हो रहे हैं गैर शैक्षणिक कार्यक्रम




**खबर का असर**

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय स्कूलो में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के बजाय गैर शैक्षणिक आयोजन कराने के मामले को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेलाल कोसरिया ने मामले में जांच का निर्देश दिया है। उक्त आयोजन में एक दर्जन के लगभग शिक्षक अध्यापन कार्य को छोड़कर अपने-अपने स्कूलों में फर्जी हाजिरी दर्ज करते हुए बांधाबाजार संकुल के टोलागांव प्राथमिक शाला के कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

उल्लेखनीय है कि 5 सितंबर शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर गांवो से लेकर जिला, प्रदेश सहित पूरे देश में शिक्षकों के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें पुजते हुए उनका सम्मान किया गया इधर शिक्षक दिवस को समाप्त हुए 15 दिन बीत जाने के बाद बांधाबाजार संकुल स्रोत भाग 1 के ग्राम टोलागांव प्राथमिक शाला में 17 सितंबर को स्कूल समय में प्रधान पाठक भंजन साहु के द्वारा विकासखंड के लगभग एक दर्जन शिक्षक तथा संकुल समन्वयको को शिक्षक सम्मान समारोह के नाम पर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें आमंत्रित किया गया था इस गैर शैक्षणिक गतिविधि में शामिल होने शिक्षक स्कूल समय में अपने-अपने स्कूलों में फर्जी उपस्थिति दर्ज कर वहां पहुंचे हुए थे। बताया गया कि कार्यक्रम के लिए बाकायदा आमंत्रण कार्ड छपवाया गया था जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके धीवर, बीआरसी संतोष पांडे को भी आमंत्रित किया गया था, परंतु अधिकारी कार्यक्रम से दूरी बनाए हुए थे। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला टोलागांव में पदस्थ प्रधान पाठक भंजन साहू के द्वारा आयोजित गैर शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए किसी भी तरह का विभाग से प्रशासनिक अनुमति नहीं लिया गया था, टोलागांव के ग्रामीणों के मुताबिक कार्यक्रम पूर्णता: प्रधान पाठक और उसी स्कूल में पदस्थ उनकी पत्नी सहायक शिक्षिका रूपेश्वरी साहू के द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें छात्र-छात्राओं का अध्यापन छोड़ स्कूल समय में शिक्षकों का झुंड उक्त कार्यक्रम का हिस्सा बनते हुए एक दूसरे का सम्मान कराते रहे।

**फर्जी उपस्थिति दर्ज कर, शिक्षक थे कार्यक्रम में**

ग्रामीणों ने बताया कि टोलागांव प्राथमिक शाला में आयोजित कार्यक्रम में संकुल समन्वयक उदल सलामे, देव यादव प्राथमिक शाला मांगाटोला, तुलसी अंबादे प्राथमिक शाला झिटिया, राजेश्वर साहू प्राथमिक शाला घोरदा, तामेश्वर साहू प्राथमिक शाला सेम्हरबांधा, अरूण यादव प्राथमिक शाला चिखली, प्रदीप साहू कन्या प्राथमिक शाला बांधाबाजार, छबीलाल उइके प्राथमिक शाला किलारगोंदी, नीलकंठ कोमरे प्राथमिक शाला सिरलगढ, दया शंकर नंदेश्वर माध्यमिक शाला डोंगरगांव आदि शामिल हुए थे। इन शिक्षकों को लेकर बताया गया कि वे लोग अपने-अपने स्कूलों में फर्जी उपस्थिति दर्ज कर स्कूल समय में कार्यक्रम के हिस्सा थे।

**प्रशासनिक अनुमति के बिना हुआ था कार्यक्रम**

शिक्षक दिवस को संपन्न हुए कई दिन बीत गए हैं उच्च अधिकारियों के अनुमति के बिना छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के बजाय गैर शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें अम्बागढ़ चौकी विकासखंड के दर्जन भर शिक्षक एवं संकुल समन्वयक उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

**स्कूलों में उपस्थित, कार्यक्रम में शिक्षक**


बताया गया कि शिक्षक दंपति द्वारा 17 सितंबर को टोलागांव प्राथमिक शाला में आयोजित शिक्षक समारोह में अंबागढ़ चौकी विकासखंड के दर्जन भर से अधिक शिक्षक संकुल समन्वय कार्यक्रम के हिस्सा थे जिनके द्वारा अपने-अपने स्कूलों में उपस्थिति दर्ज कर शाला समय में वे लोग टोलागांव प्राथमिक शाला के कार्यक्रम में मौजूद थे।

**7 दिनों के भीतर मांगा गया है जांच रिपोर्ट**

मामला उजागर होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेलाल कोसरिया ने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए पूरे प्रकरण की अंबागढ़ चौकी बीईओ एसके धीवर को जांच अधिकारी नियुक्त कर स्पष्ट अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन सात दिवस के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश किया गया है।

# मां भानेश्वरी शक्तिपीठ सिंघोला में रहेगी नवरात्रि पर्व की धूम

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** समीपस्थ ग्राम सिंघोला स्थित मां भानेश्वरी शक्तिपीठ मे दुर्गा नवमी की तैयारी बड़ी जोर शोर से चल रही है। राकेश कुमार साहू सिंघोलिया (उदघोषक) ने बताया कि नवरात्रि पर्व के तहत दीप प्रज्वलित,ज्योति स्थापना 6 अक्टूबर को की जाएगी,पंचमी कलश स्थापना 10 अक्टूबर, हवन यज्ञ पूजन एवं पूर्णहुती 13 अक्टूबर,जवारा विसर्जन एवं शोभायात्रा 14 अक्टूबर को निकाली जाएगी। देवी जस भजन प्रतिदिन शाम 6 बजे से होगा।मंदिर प्रांगण में श्री देवी भागवत नवाह ज्ञान यज्ञ 7 अक्टूबर से प्रारंभ होगी और समापन 15 अक्टूबर को होगी।जिसके व्यास पीठ कथावाचक पंडित भगवती प्रसाद तिवारी ग्राम रानीतराई रोड,परायण कर्ता पंडित घनश्याम प्रसाद तिवारी भागवताचार्य होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। आयोजनकर्ता शंकर लाल, श्रीमती बसंती साहू ने कार्यक्रम की व्यापक तैयारिया प्रारम्भ कर रही है।मंदिर समिति के पुजारी दिलीप कुमार ठाकुर,नंद (नरेंद्र ) साहू अध्यक्ष, भोजराम साहू उपाध्यक्ष,सुरेश साहू कोषाध्यक्ष, रोशन साहू सचिव, कुबेर साहू सहसचिव,संरक्षकगण पति राम साहू,लखन साहू, पुरानिक साहू, रामविलास, अमर सिंह, भुवन साहू है। यह जानकारी रूपेंद्र साहू ने दी।



# अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ आज ध्वजारोहण से होगा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का गरिमामय शुभारंभ 27 सितंबर 2024 शुक्रवार को प्रात: 10:00 बजे ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ होगा । स्थानीय अग्रसेन भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के निवृत्तमान अध्यक्ष श्री संतोष अग्रवाल होंगे। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू खोखरिया, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया ने बताया कि इसी के साथ आज से ही पूरे सप्ताह भर तक चलने वाले विविध कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं की श्रृंखला शुरू हो जाएगी । अग्रवाल सभा के सचिव आलोक बिंदल, महिला मंडल की सचिव श्रीमती रीना अग्रवाल नवयुवक मंडल के सचिव चैतन्य अग्रवाल ने सभी अग्र बंधुओं से इस कार्यक्रम में सपरिवार अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है । 27 सितंबर शुक्रवार को होने वाली प्रतियोगिताएं इस प्रकार है। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा - फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता ( छत्तीसगढ़िया गेटअप ), वेजिटेबल से बुके बनाओ, मीठा व्यंजन बनाओ ( कच्चे नारियल से ) । अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा - शतरंज, लूडो, कैरम तथा स्नेक एण्ड लेडर ( सभी जूनियर तथा सीनियर वर्ग में ) । सभी प्रतियोगिताएं दोपहर साढ़े तीन बजे से अग्रसेन भवन में आयोजित की जाएगी । यह जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति में प्रचार प्रसार सह प्रभारी राहुल अग्रवाल ने दी।





# सनातन मंदिर बोर्ड की स्थापना हो- विप्र फाउंडेशन

## आस्था व श्रद्धा के साथ खिलवाड़ अक्षम्य अपराध है - के पी शर्मा



**हिंदू मंदिरों का सरकारीकरण समाप्त कर एक सनातन मंदिर बोर्ड की स्थापना हो - जोशी**

**तिरूपति प्रसादम मामले में कलेक्टर को ज्ञापन**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अखिल भारतीय विप्र फाउंडेशन की राजनांदगांव इकाई के अध्यक्ष अशोक जोशी एवं पदाधिकारियों क्रमश: राजकुमार शर्मा,मयंक शर्मा जितेन्द्र शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष कचरुप्रसाद शर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एडिशनल कलेक्टर को एक सौपते हुए देश में धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए सनातन बोर्ड की स्थापना की मांग की है तथा साथ ही तिरुपति मंदिर में प्रसादम में घी के रूप में गाय की चर्बी मिलाने वाले मामले पर आक्रोश व्यक्त किया और दोषीयों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन देकर लौटने पर प्रदेश अध्यक्ष कचरुप्रसाद शर्मा ने कहा कि आंध्र प्रदेश में तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू प्रसाद में गाय की चर्बी और मछली के तेल आदि की मिलावट पर सनातनीयों में भारी आक्रोश है।

आस्था व श्रद्धा के साथ यह खिलवाड अक्षम्य अपराध है और यह सनातन विरोधियों की सोची समझी चाल है। विप्र के जिला अध्यक्ष अशोक जोशी ने कहा कि तिरुपति बालाजी के प्रसादम में गाय की चर्बी मिलाकर हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ करने वालों को तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए। श्री जोशी ने कहा कि भारत के हिंदू मंदिरों का सरकारीकरण समाप्त कर एक सनातन मंदिर बोर्ड का गठन किया जाए, तभी मंदिरों की मर्यादा का पालन हो सकेगा।

# शिवनाथ वाटिका गरबा उत्सव में नहीं बजेगा डीजे

## संस्कारधानी गरबा ग्रुप ने कलेक्टर को दिया आश्वासन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर में आयोजित होने वाले शिवनाथ वाटिका गरबा उत्सव 2024 के आयोजकों, संस्कारधानी गरबा ग्रुप ने नवरात्रि पर्व के गरबा उत्सव में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए डीजे नहीं बजाने का निर्णय लिया है आयोजकों ने आश्वासन दिया कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी उत्सव धार्मिक परंपराओं और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाएगा। संस्कारधानी गरबा ग्रुप के पदाधिकारी अवंत अग्रवाल और राहुल चोपड़ा ने बताया कि नवरात्रि पर्व हमारी आस्था का केन्द्र है, जिसमें गरबा के साथ माता रानी की पूजा, ज्योत और जंवारा की स्थापना की जाती है। उत्सव के दौरान प्रतिभागियों को रोजाना नकद पुरस्कार, ट्रॉफी, गिफ्ट वाउचर, और मूवी टिकट जैसे आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। आयोजन समिति अध्यक्ष कांत अग्रवाल ने बताया कि इस बार गरबा के आयोजन में सुमधुर भजन और लोक गुजराती गीतों पारंपरिक का ही इस्तेमाल होगा और प्रशाशन द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए डीजे रहित गरबा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के संबध में आप अधिक जानकारी के लिए 9827194107, 9770048084, 99074 21055,7000629846 दिए गए नंबर में संपर्क कर सकते है।

# बागनदी वन परिक्षेत्र के ग्राम कल्लू बंजारी में खुला लूट क्या रेंजर ने दिया है छूट

## खनिज संपदा को बचाने वाले दे रहे अवैध कारोबार को बढ़ावा?

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ मे लगातार साय सरकार को विपक्ष से कम अपने ही सरकारीअमले के कारनामों के चलते फजीहत झेलना पड़ रहा है, विभिन्न विभागों मे खासकर राजस्व व वन विभाग है जहाँ लगातार अवैध उगाही जमकर जारी है ,इसका खामियाजा प्रदेश सरकार को भूगतना पड़ रहा है,9 माह के साय सरकार मे प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा गरीबो के भलाई के लिए बड़े बड़े निर्णय ले रहे है, ताकि प्रदेश के लोगों का भला हो सके वहीं खनिज ,वन ,राजस्व, विभाग को मानो खूला छूट मिल गया है,दिन दहाड़े वन व खनिज विभाग के नाक के निचे अवैध रेत मुरूम से भरी गाड़ियों से अधिकारी कर्मचारी खुलेआम पैसा अवैध उगाही कर रहे है ,इससे साफजहीर है खनिज माफ्यिाओं से इनका साठगांठ है,

**बागनदी वन क्षेत्र मे जमकर अवैध उगाही अधिकारी मौन है ?**

राजनादगांव जिले मे रोज विपक्ष को सरकार के उपर हमला करने का एक मौका मिल रहा है। वरिष्ठ जनो का माने तो लम्बे समय से पूर्व सरकार के कार्यकाल से जमे अधिकारी कर्मचारी है। शासन प्रसासन के आला अधिकारी नेता का इन्हें जरा भी भय नही है। ऐसे अधिकारी कर्मचारी के कालेकारनामे रोज उजागर होने से सरकार का फजीहत हो रहा है इन बातो से भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी को मानों कोई परवाह नही है। सूत्रो से ताजा जानकारी के अनुसार बागनदी वन परिक्षेत्र मे पूर्व सरकार के समय पदस्थ रहे एक विवादित वन अधिकारी जिनका तबादला ( चिरचारी बागनदी )से हो गया था बताते इस कार्यालय के अन्तर्गत जो क्षेत्र पड़ता है वहाँ बड़े पैमाने पर सरकार द्वारा कार्य कराने राशि दिया जाता है,



दूसरा हाईवा माजदा व ट्रको मे अवैध रेत व मुरुम के कारोबारी से इन्हें जमकर उगाही हो जाता है। इस लिए उक्त अधिकारी को यहां से ज्यादा लगाव था खबर है। उक्त वन अधिकारी को आने वाले समय मे प्रमोशन होने का भरोसा है उसके चलते वे कम समय में ज्यादा खेल करने के चक्कर मे अधिनस्थ अमला को खुला छूट दे रखा है। शासन स्तर पर वे अपना तबादला रूकवाने का ताकत लगाये पर सरकार बदलने के चलते तबादला रूक नही पाया वर्तमान सरकार मे उक्त अधिकारी का कोई आका नहीं है? खबर है ट्रासफर रूकवाने न्यायालय से स्थगन आदेश पर आज उन्हें पुन: प्रभार मिल गया।जानकारी के मुताबिक प्रभार मिलते ही उक्त वन अधिकारी के इशारे मे बंजारी से लेकर बागनदी चिरचारी तक अवैध रेत मुरूम खनन माफ्यिा से जमकर अवैध उगाही का खेल बेधड़क चालू हो गया जो शासन प्रसासन के बदनामी के लिए काफी है।

**खनिज विभाग के संरक्षण में अवैध खनन?**

जिले से ब्लाक मुख्यालय कि दुरी को देखते हुए पाटेकोहरा चेकपोस्ट पर भले ही खनिज विभाग व्दारा जांच कार्यलय रखा गया है किन्तु क्षेत्र में भ्रमण करने कौन अधिकारी कर्मचारी इसका कोई अता-पता नहीं क्योंकि क्षेत्र में लगातार खनिज संपदा को नुक़सान पहुंचाया जा रहा है ऐसे में यह कहना ग़लत नहीं होगा खनिज विभाग अधिकारी कर्मचारी अवैध खनन माफ्यिा से सांठगांठ कर गहरी नींद में सोए हुए नजर आते हैं? जिसके चलते ही अवैध रेत मुरुम कि खुदाई व अवैध रेत भंडारण धड़ल्ले से चल रहा है? जिसपर लगाम न लगना बहुत कुछ दर्शाता है।

हालांकि वहीं इस मामले में खुज्जी विधानसभा पुर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए प्रदेश कि भाजपा सरकार को जितना लुट सको उतना लुट लो कहते नजर आए हैं? बहरहाल अब देखना होगा आगे इसपर राज्य सरकार में बैठे आला अधिकारी क्या संज्ञान लेते हैं क्योंकि लगातार अफसरशाही रवैए के चलते विपक्षी दलों के मुद्दों के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं जिसके चलते ही विपक्ष में बैठी सरकार के पुर्व विधायक व्दारा ऐसे कारनामों को लेकर मोर्चा खोलने कि बात सामने आई है।

> कल शाम को वायरल विडियो कि जानकारी मिली है जिसके लिए गैंदालाल डिप्टी रेंजर को मौका मुआयना कर जांच प्रतिवेदन तैयार करने कहा गया है जांच में दोषी पाए जाने पर निश्चित ही कार्यवाही किया जायेगा।
>
> **- अनिल कुमार बंबोरे - बागनदी रेंजर**

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com